प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोकसभा में कहा– प्रयागराज महाकुंभ ने उभरते भारत और विविधता में एकता की भावना को दर्शाया।
2. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज कुशीनगर में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की : कहा– प्रधानमंत्री की प्राथमिकता है बुजुर्गों का समुचित इलाज।
3. यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन कल से होगा शुरू : बोर्ड ने जारी किए आवश्यक दिशा निर्देश।

और

4. वाराणसी में आज बुढ़वा मंगल के साथ सम्पन्न होगा होली उत्सव : गंगा के घाटों पर फूलों से सजी नावों पर लगी संगीत की महफिल।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोकसभा में कहा कि पूरे विश्व ने महाकुंभ के रुप में भारत के विराट स्वरुप के दर्शन किए हैं। श्री मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ को एकता का अमृत बताया। बाइट.....

*महाकुंभ से अनेक अमृत निकले एकता का अमृत निकला बहत पवित्र प्रसार है। महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा जिसमें देश के हर क्षेत्र क्षेत्र से, हर*

*कोने से आये लोग एक हो गये लोग अहम त्याग कर वैराग्य भाव ले मैं नहीं हम की भावना से प्रयागराज से जुड़े अलग–अलग राज्यों से लोग आकर पवित्र त्रिवेणी का हिस्सा बने, जब अलग–अलग क्षेत्रों से आये, करोड़ों करोड़ों लोग राष्ट्रीयता के भाव को मजबूती देते है तो देश की एकता बढ़ती है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को प्रतिबिंबित किया है और पूरे विश्व ने देश की शक्ति को देखा है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की विशेषता है, जिसे हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान अनुभव किया गया।

*अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, ये हम हमेशा कहते आए हैं, ये हमने हमेशा महसूस किया है और इसी के विराट रूप का अनुभवहमने प्रयागराज महाकुंभ में किया है। हमारा दायित्व है कि अनेकता में एकता की इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहे।*

जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कई नदियां हैं और उनमें से कुछ खतरे में हैं।

*महाकुंभ से हमें अनेक प्रेरणाएं भी मिली हैं। हमारे देश में इतनी सारी छोटी बड़ी नदियां हैं, कई नदियां ऐसी हैं, जिन पर संकटभी आ रहा है। कुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन ने भारत की क्षमता के बारे में कुछ लोगों में संदेह को दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने देशवासियों को बहुत प्रेरणा दी है क्योंकि इसका नेतृत्व स्वयं लोगों ने किया था। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ आयोजन के लिए सरकार,

इसमें शामिल सभी कर्मचारियों और सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज कुशीनगर दौरे पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्यपाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इस दौरान उन्होंने 250 आंगनबाड़ी किट, ओडीओपी योजना के अंतर्गत 50 टूल किट, और 250 लाभार्थियां को आयुष्मान काड वितरित किये। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बुजुर्गों का इलाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता में शामिल है। बाइट.....

*परिवारजनों को भी हमारे प्रधानमंत्री जी ने एक योजना नई शुरू की है उनको भी ढूंढ–ढूंढ कर और उनको भी 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड देना चाहिये कोई बाकी नहीं रहना चाहिये। कोई पैसे के अभाव में परेशान न हो, ये आप देखते रहिये ओर उसको ये कार्ड देते रहिये।*

——————————

यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन कल से शुरु हो जाएगा। बोर्ड ने इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। मूल्यांकन के सभी केंद्रों पर वॉइस रिकॉर्डर वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षक सहित अन्य लोगों के मोबाइल लें जाने पर प्रतिबंध है। कॉपियों का मूल्यांकन 2 अप्रैल तक होगा। उधर, राज्यभर में बेसिक

शिक्षा परिषद की तरफ से परीक्षाएं 24 से 28 मार्च तक आयोजित होंगी। इसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है।

—————————

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यम शीलता राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल की उपस्थिति में आज लखनऊ अलीगंज के राजकीय आईटीआई परिसर में फेज–2 के अंतर्गत 62 राजकीय आईटीआई के उन्नयन के लिए टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि इस समझौते से प्रदेश के युवा तकनीकी जगत की मांग के अनुरुप प्रशिक्षित होंगे। बाइट.......

*युवाओं में स्किल होंगे उनके हाथ में हुनर होगा वह टेक्निकली अवेयर होंगे और जिस प्रकार से 35 लाख रुपये के ओएमयू उत्तर प्रदेश के अन्दर हुए है उनके अंदर ही जो हमारे युवा है इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित करने का काम करेंगे तो निश्चित रूप से लगभग एक करोड़ युवाओं को हम रोजगार दे सकेंगे इस संकल्प के साथ हम आगे बढ़ेंगे।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

रेलवे ने पिछले दस वर्षों में पांच लाख नौकरियां दी हैं और एक लाख से अधिक नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय के कामकाज पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में 2020 से यात्री किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और यह अन्य देशों की तुलना में काफी किफायती है।

——————————

लखनऊ–कानपुर रेलखण्ड की अप लाइन पर पड़ने वाले गंगा पुल की मरम्मत का कार्य आगामी बीस मार्च से शुरू किया जायेगा। उत्तर रेलवे मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने बताया कि करीब एक माह से अधिक समय तक यह रेलखण्ड प्रतिदिन नौ घंटे बंद रहगा। बाइट..

*20 तारीख से जो हमारा कानपुर ब्रिज है। उस पर हम लोग सेफ्टी वर्क कर रहे है रिपेयर का, कम से कम प्रभाव हो पैसेंजर्स पे तो ये प्लान किया गया है। ये करीब आठ सौ मीटर लंबा ब्रिज है और जो इसके स्टील टर्फ और उसको हमलोग रिप्लेस करेंगे। एच पी स्टीकर लगायेंगे और प्लान है कि करीब नौ घंटे ब्लॉक एवरेज दिया जाएगा और यह बीस तारीख से शुरू होगा और बीस मार्च से और तीस अप्रैल तक चलेगा। इसमें कुछ गाड़िया कैंसिल हुई। बाकी हमने कोशिश की डायवर्जन या शॉर्ट टर्मिनेट करके जिससे लोगों को कोई खास प्रभाव न पड़े।*

लखनऊ जंक्शन से चलने वाली पुणे–लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन 20 मार्च को कानपुर से चलाई जायेगी।

———————

वाराणसी में होली के बाद आज बुढ़वा मंगल का उत्सव मनाया जा रहा है। होली के बाद पहले मंगलवार को काशी के कई घाटों पर इस परंपरा का निर्वहन होता है। इसी के साथ रंगभरी एकादशी से शुरु हुआ होली पर्व आज समाप्त हो जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट......

*होली के बाद काशी में उत्सव का जोश खत्म नहीं होता, बल्कि बुढ़वा मंगल के साथ एक नया रंग बिखरता है। होली के बाद सबसे पहले मंगलवार, यानी आज अस्सी से राजघाट तक गंगा के बजड़ों पर संगीत की महफिल सज रही है फूलों से सजी नावों पर संगीत, गुलाल और खुशियों का अनोखा संगम है जहां लोकगायक अपनी प्रस्तुतियों से शाम को सुरीला बना रहे है। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

———————

प्रदेश सरकार ने लखनऊ के बटलर पैलेस को 'बुक कैफे' बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा गठित विशिष्ट टीम द्वारा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के माध्यम से पूरा किया जाएगा। पेश है एकरिपोर्ट......

*बटलर पैलेस का उपयोग मुख्यतः बुक कैफे के रूप में किया जाएगा जहां अध्ययन सामग्री के साथ हीस्नैक्स व पेय पदार्थ भी आगतुंको के लिए उपलब्ध होगा। बटलर पैलेस में बनने वाले बुक कैफे में स्थानीय संस्कृति व विरासत को बढ़ावा देने वाली कार्यशालाओं वकक्षाओं का आयोजन होगा। साथ ही, लखनऊ के इतिहास और जनश्रुतियों से जुड़ी कहानियों को*

*प्रदर्शित करने वाले लाइट एंड साउंड शो का भी यहां संचालन हो सकेगा। मार्च 2025 तक बटलर पैलेस के बुक पैलेस के संरक्षण व विकास कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

—————————

**आकाशवाणी लखनऊ और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आज लखनऊ में नए क्षितिज, नई उड़ान नामक संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुगम संगीत गायिका मेनका मिश्रा और लोकगीत गायिका संजोली पांडे ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।**

—————————

**प्रदेश में आज और कल मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि इस दौरान मौसम विभाग ने प्रदेश में तेज सतहीं हवाएं चलने की संभावना जताई है। वहीं 20 और 21 मार्च को प्रदेश के कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया गया है।**

**(समाप्त)**